# वर्षों से बनी गंदगी की समस्या पर नगर पालिका ने कसी नकेल

## 24 घंटे निगरानी के लिए अमला तैनात और कैमरे से नजर

▸ गुरुद्वारे के पीछे रेलवे परिसर में अब कचरा फेंका तो 1000 रुपए जुर्माना



**नवभारत/नरसिंहपुर/ करेली।** रेलवे स्टेशन से आने-जाने वाले यात्रियों और आगंतुकों के लिए लंबे समय से परेशानी का कारण बने गुरुद्वारे के पीछे रेलवे परिसर में फैली गंदगी की समस्या पर अब नगर पालिका परिषद करेली ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। कई वर्षों से आसपास के दुकानदारों और रहवासियों द्वारा यहां लगातार कचरा फेंके जाने से पूरा क्षेत्र गंदगी की चपेट में था। स्टेशन की ओर आने वाले लोगों को भी यहां फैली गंदगी के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता था। नगर पालिका प्रशासन द्वारा कई बार दुकानदारों और रहवासियों को समझाइश देकर सार्वजनिक स्थान पर कचरा नहीं फेंकने की हिदायत दी गई। इसके साथ ही समस्या के समाधान के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए नगर पालिका द्वारा मौके पर ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी कराई गई, ताकि दुकानदार और रहवासी अपना कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें। इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली का उपयोग करने के बजाय आसपास कचरा फेंकने का सिलसिला जारी रखा गया।

### 24 घंटे निगरानी,कैमरे से भी नजर

लगातार समझाइश और वैकल्पिक व्यवस्था के बाद भी गंदगी फैलाए जाने को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका ने अब मौके पर अपना अमला तैनात कर दिया है। नगर पालिका के कर्मचारी 24 घंटे क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं। साथ ही गंदगी फैलाने वालों पर नजर रखने के लिए कैमरा भी लगाया गया है, जिससे सार्वजनिक स्थान पर कचरा फेंकने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।

### दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाइ

निगरानी के दौरान गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नगर पालिका द्वारा 1000 रुपए के जुर्माने की कार्रवाई की गई है।

नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। यदि कोई दुकानदार या रहवासी रेलवे परिसर अथवा अन्य सार्वजनिक स्थान पर कचरा फेंकते पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा।

### कचरा गाड़ी में ही दें गीला-सूखा कचरा

नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में नियमित रूप से कचरा संग्रहण वाहन भेजे जा रहे हैं। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने घर और दुकानों का कचरा सड़क, नाली, खाली प्लॉट अथवा सार्वजनिक स्थान पर न फेंकें। कचरा नगर पालिका की कचरा गाड़ी में ही दें और गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग करके दें। नगर पालिका प्रशासन ने चेतावनी दी है कि गुरुद्वारे के पीछे रेलवे परिसर सहित नगर में कहीं भी सार्वजनिक स्थान पर कचरा फेंकने पर संबंधित व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा और उसके खिलाफ नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। स्वच्छ और सुंदर करेली के लिए नागरिक नगर पालिका का सहयोग करें।

### अध्यक्ष ने कहा- स्वच्छता में नागरिकों की सहभागिता जरूरी

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार के मार्गदर्शन में नगर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि शहर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी केवल नगर पालिका की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भी है। सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने से न केवल शहर की सुंदरता प्रभावित होती है, बल्कि आने-जाने वाले लोगों के बीच भी गलत संदेश जाता है।

### CMO श्रीकांत पाटर ने दिए सख्ती के निर्देश

नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर के निर्देशन में रेलवे परिसर सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था की निगरानी और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों पर नजर रखी जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई की जाए।

## विक्रम चौधरी समन्वय समिति में शामिल



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस प्रदेश के वरिष्ठ नेता पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार संगठन महामंत्री संजय कामले की अनुशंसा पर डा विक्रम चौधरी को नरसिंहपुर जिला कांग्रेस कमेटी में समन्वय समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति को लेकर जहां डा विक्रम चौधरी की दीर्घकालिक सक्रियता वैचारिक प्रतिबद्धता को देखा जा रहा है वहीं क्षेत्र के अनुसूचित जाति श्रमिक वंचित वर्ग जनपक्ष धर सोच से कांग्रेस को नई ऊर्जा एवं मजबूती प्राप्त होगी।

# शांति समिति की बैठक में पंडालों की सुरक्षा पर चर्चा



**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** गत दिवस पुलिस थाना तेंदूखेड़ा में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस की अध्यक्षता में शांति समीति की बैठक आयोजित की गई जिसमें दस दिनों तक चलने वाले गणेश उत्सव और आने वाले त्यौहारों को शांति सद्भाव सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने पर विस्तार से चर्चा की गई। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अभिनव मिश्रा ने बताया कि गणेशोत्सव पर जगह-जगह पंडाल बनाये जाते हैं।जिनकी सुरक्षा व्यवस्था करना समीतियों टोलियों की नैतिक जिम्मेदारी है। तथा पंडाल में कटे हुए विद्युत तार बिल्कुल ना लगायें।इससे करेंट लगने की आशंका बढ़ जाती हैं। नगरीय क्षेत्रों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में घटनाएं सामने आती हैं।बीच सड़क मार्ग पर पंडाल ना बनाएं जायें आवागमन प्रभावित ना हो।देर रात्रि तक तेज आवाज में डीजे साउण्ड ना बजायें जायें। तेज आवाज से किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ती भी ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। यदि किसी भी प्रकार की कोई शिकवा शिकायत आयेगी तो संबंधित संचालक पर तत्काल कार्यवाही की जायेगी।झांकियों के दर्शन करने जाने वाले दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई महिलाओं बच्चों को निकलने में परेशानी ना हो इसका भी ध्यान रखा जाए। पांडालों के पास यदि किसी भी प्रकार की अग्नि दुर्घटना होती है तो तत्काल प्रभाव से फायरबिग्रेड को सूचना करें।

# चौपड़ प्रतियोगिता का हुआ समापन



**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस तेंदूखेड़ा क्षेत्र के प्रतिष्ठित कृषक समाजसेवी ईश्वरपुर के पूर्व सरपंच स्व चौधरी रामनाथ सिंह की स्मृति में प्रति वर्ष अनुसार आयोजित विशाल राज्य स्तरीय चौप? प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके समापन पर प्रथम विजेता पिपरिया द्वितीय विजेता खुलरी तृतीय विजेता छैनाकछार एवं चतुर्थ विजेता बेलखेड़ा के खिलाड़ियों को क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने पुरुस्कृत करते हुए स्पष्ट किया कि चौपड़ केवल एक खेल नहीं है बल्कि यह हमारी परंपरा संस्कृति और आपसी मेल-जोल से जुड़ा हुआ खेल है। ऐसे आयोजनों से हमारी पुरानी लोक परंपराओं को जीवंत रखने के साथ साथ नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का अवसर मिलता है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाला प्रत्येक खिलाड़ी विजेता है। क्योंकि खेल में जीत हार से अधिक महत्वपूर्ण है खेल भावना और आपसी भाईचारा है।इस मौके पर मुख्य आयोजक चौ चंद्रभूषण सिंह पटेल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।इस प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व विधायक भैयाराम पटेल राजेन्द्र पटेल के द्वारा किया गया था। तथा समापन क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने सरपंच ईश्वरपुर चौधरी चंद्रभान सिंह की अध्यक्षता में हुआ।प्रथम विजेता मलखान सिंह सेमरी हरचंद को 25 हजार नगद एवं शील्ड द्वितीय विजेता महेंद्र सिंह ॠषिराज खुलरी को 11 हजार एवं शील्ड तृतीय विजेता धर्मेन्द्र शिवम छैनाकछार चीचली को 7 हजार नगद शील्ड चतुर्थ विजेता ठा अवधेश सिंह ठा भगवान सिंह बेलखेड़ा को 5 हजार नगद शील्ड प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में एंट्री फीस 601 नगद रखी गई थी।

## डीएलसीसी एवं डीएलआरसी की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति (डीएलसीसी) एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ अंकुश सिन्हा, अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) श्री विकास पवार, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा जिले में संचालित विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे। बैठक में जिले में बैंकिंग गतिविधियों एवं शासकीय योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को उपलब्ध कराई जा रही ऋण सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

### एक नजर में

## 15 सितंबर को नगरीय क्षेत्रों में विशेष शिविर

**नरसिंहपुर।** असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों और अन्य पात्र नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के साथ महिलाओं के स्वास्थ्य और आजीविका को मजबूत करने की दिशा में जिले में एक साथ कई पहल की जा रही हैं। इसी उद्देश्य से 15 सितम्बर को जिले के नगरीय निकायों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में पात्र लोगों को प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना से जोड़ा जाएगा। साथ ही महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण, आजीविका उन्नयन और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। 15 सितम्बर को जिले के नगरीय क्षेत्रों में निर्धारित स्थानों पर शिविर लगाए जाएंगे। नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर के अंतर्गत तिलक वार्ड व मुशरान वार्ड के लिए आंगनवाड़ी केन्द्र में शिविर होगा। नगर पालिका परिषद गाडरवारा में चांवड़ी वार्ड, राधावल्लभ वार्ड व बीजासेन वार्ड के लिए साहू मंदिर में, परिषद चीचली के चंद्रशेखर आजाद वार्ड और नगर परिषद सांईखेड़ा में चंद्रशेखर आजाद वार्ड व पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के लिए शासकीय स्कूल में शिविर आयोजित होगा।

## प्राकृतिक मिट्टी से गणेश प्रतिमा निर्माण का दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण

**नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं नर्मदा समग्र के संयुक्त तत्वाधान में संचालित माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान-2026 के अंतर्गत विकासखंड चांवरपाठा में विभिन्न स्तरों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट विद्यालय चांवरपाठा में सृजन योजना के तहत आओ बनाएं अपने हाथ, अपनी माटी के गणेश विषय पर विकासखंड स्तरीय कार्यशाला तथा सेक्टर डोभी अंतर्गत ग्राम खामघाट में सेक्टर स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई। विकासखंड स्तरीय कार्यशाला में नर्मदा समग्र से श्री महेंद्र कौरव ने प्राकृतिक मिट्टी से गणेश प्रतिमा निर्माण के महत्व एवं अभियान के उद्देश्यों की जानकारी दी। विकासखंड स्तरीय कार्यशाला में विकासखंड की नवांकुर संस्थाओं श्री स्वामी साधना सेवा समिति बिल्थारी एवं भारद्वाज जन कल्याण समिति ईश्वरपुर, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चांवरपाठा के प्रतिनिधियों, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाताओं, बीएलडब्ल्यू/एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं एवं नवांकुर सखियों ने सहभागिता की।

# पुरानी पेंशन सहित कई मांगों को लेकर किया संकीर्तन



**नवभारत/ नरसिंहपुर।** पीएमयूएम शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर रविवार को नरसिंहपुर स्थित अरमान नगर कॉलोनी के श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में शिक्षकों ने एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया। शिक्षकों ने भगवान भोलेनाथ का विधिवत पूजन-अर्चन और संकीर्तन कर अपनी लंबित मांगों के निराकरण के लिए शिवजी के चरणों में अर्जी समर्पित की। इस दौरान शिक्षकों ने प्रमुख रूप से शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) की अनिवार्यता से मुक्ति दिलाने, प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की गणना करने, पुरानी पेंशन योजना (OPS) को बहाल करने तथा केंद्रीय वेतनमान का लाभ दिए जाने की मांग रखी। शिक्षकों का कहना है कि वे वर्षों से निष्ठापूर्वक अपनी सेवाएं दे रहे हैं, ऐसे में उन पर टीईटी की बाध्यता थोपना अनुचित है। न्याय की गुहार लगाने के लिए उन्होंने भोलेनाथ के दरबार में शीश नवाया। विदिशा से भी पहुंचे शिक्षक साथी कार्यक्रम में नरसिंहपुर के साथ-साथ विदिशा जिले से आए शिक्षक साथियों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस अवसर पर कर्मचारी कल्याण कोष पीएमयूएम संघ के जिला प्रभारी हरगोविंद लोधी, शरद कुमार पांडे, हरिओम दुबे, मयंक पटेल, रामलाल मेहरा, नारायण प्रसाद सेन, विनोद पटेल, निरंजन पटेल, हरि नारायण मिश्रा, संतोष कुमार मेहरा एवं सविता ठाकुर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर शासन से शिक्षकों के हित में शीघ्र निर्णय लेने की अपील की।

# अतिथि शिक्षकों की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा



**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** चांवरपाठा ब्लॉक अतिथि शिक्षक तहसील इकाई तेंदूखेड़ा के अतिथि शिक्षकों की एक बैठक संपन्न हुई। शासकीय शालाओं में सेवाएं दे रहे अतिथि शिक्षकों के साथ प्रदेश सरकार के द्वारा हो रहे सौतेले व्यवहार के कारण अतिथि शिक्षकों को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रमुख समस्या वेतन छुट्टी मातृत्व अवकाश एवं नियमितीकरण जैसी प्रमुख समस्याओं के तुरत निदान को लेकर आगामी रूप रेखा के लिए सभी से विचार विमर्श किया गया। लगभग 18 वर्षों से अपने अल्प वेतनमान पर कार्य कर रहे अतिथि शिक्षकों के साथ प्रदेश सरकार के द्वारा सौतेला व्यवहार देखने को मिल रहा है जहां एक और अतिथि शिक्षकों को अप्रैल के बाद से आज तक किसी भी प्रकार का कोई मानदेय प्रदान नहीं किया गया है वहीं रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार पर भी जिले के सभी ब्लॉकों में कार्य कर रहे अतिथि शिक्षकों को वेतन से वंचित रखा गया और रक्षाबंधन का त्यौहार भी बगैर वेतन के ही मानना पड़ा।प्रदेश सरकार द्वारा अतिथि शिक्षकों को अभी तक किसी भी प्रकार की कोई छुट्टी प्रदान करने का आदेश भी जारी नहीं किया गया है। सिर्फ कोरा आश्वासन ही दिया गया है। महिलाओं को लेकर सबसे प्रमुख समस्या मातृत्व अवकाश की है। जहां प्रदेश में कार्य कर रही अनेकों महिलाओं के लिए मातृत्व अवकाश जैसी सुविधाओं का लाभ तत्काल प्रभाव से मिलना चाहिए था। सरकार के द्वारा आज तक महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षण को देखते हुए किसी भी प्रकार कीस्थिति में महिलाओं को मातृत्व अवकाश के लाभ से वंचित रखा गया है। जो कहीं ना कहीं सरकार द्वारा महिला सुरक्षा और संरक्षण की दशा में एक कुठरघात है। शासकीय सेवाओं में कार्य करते समय यदि किसी महिला बच्चों को जन्म देती है तो उसको शाला का त्याग करना पड़ेगा क्योंकि बच्चे के जन्म के बाद तत्काल शाला में कार्य करना संभव नहीं हो पता है। देखा जाए तो स्थाई शिक्षकों के लिए मातृत्व अवकाश के लिए पर्याप्त छुट्टियां का प्रावधान सरकार द्वारा दिया जाता है। अन्य सब बिंदुओं को लेकर अतिथि शिक्षकों द्वारा आगामी सप्ताह में प्रदेश परिवहन एवं शिक्षा मंत्री जी से मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत करा कर उन्हें अल्प समय में व्यवस्थाओं को सुचारु करने के लिए मुलाकात करेंगे।



## टीईटी परीक्षा से मुक्ति हेतु हनुमान के चरणों में समर्पित की अर्जी

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस पीएमयूएम शिक्षक संघ के प्रांतीय आव्हान पर चाँवरपाठा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम डोभी के हनुमान मंदिर में एकत्रित होकर शिक्षकों ने एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए टीईटी परीक्षा से मुक्ति नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता पुरानी पेंशन बहाली एवं केंद्रीय वेतनमान की माँग को लेकर हनुमान जी का पूजन कर अर्जी समर्पित की। इस अवसर पर शिक्षक विजय शर्मा मनोज वर्मा राजेंद्र पटेल प्रदीप शर्मा दीपक जैन अरुण सोनी लखन लाल पटेल मुकेश पटेल दुर्गेश पटेल नीरज पटेल आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षकों के एफएलएन प्रशिक्षण का प्रथम चरण 15 सितंबर से



**नवभारत/ गाडरवारा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान (एफएलएन) को मजबूत करने के उद्देश्य से क्षेत्र के साईंखेड़ा एवं चीचली विकासखंड की शासकीय शालाओं में कक्षा पहली एवं दूसरी पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का प्रथम चरण 15 सितंबर मंगलवार से प्रारंभ होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों विकासखंडों में प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। साईंखेड़ा विकासखंड के शिक्षकों का प्रशिक्षण सांदीपनी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय साईंखेड़ा में, जबकि चीचली विकासखंड का प्रशिक्षण बीआरसी कार्यालय एवं साईं पब्लिक स्कूल चीचली में आयोजित होगा। प्रथम चरण में चीचली विकासखंड के 105 तथा साईंखेड़ा विकासखंड के 123 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को बच्चों की प्रारंभिक कक्षाओं में भाषा एवं गणित संबंधी बुनियादी दक्षताओं को विकसित करने, गतिविधि आधारित शिक्षण, सीखने के स्तर के आकलन तथा कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण को लेकर संबंधित शिक्षकों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। बीआरसी डीके पटेल एवं संदीप स्थापक द्वारा आदेश जारी कर सभी संबंधित शिक्षकों से निर्धारित तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने की अपील की गई है। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर बच्चों की सीखने की नींव को मजबूत करना और शिक्षकों को एफएलएन आधारित प्रभावी शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना है।


# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हरितालिका तीज एवं गणेश चतुर्थी



**नवभारत/ साईखेड़ा।** नगर में हरितालिका तीज महापर्व एवं गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े हर्षोल्लास, श्रद्धा और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर नगर के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

महिलाओं ने हरितालिका तीज के अवसर पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान शिव एवं माता पार्वती की आराधना की और परिवार की सुख-समृद्धि एवं पति की दीर्घायु की कामना की। वहीं गणेश चतुर्थी के अवसर पर नगर में जगह-जगह भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। घर-घर विघ्नहर्ता श्री गणेश विराजे और श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा की विधिवत पूजा-अर्चना कर आरती की। सुबह से ही घरों और गणेश पंडालों में धार्मिक वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश को मोदक एवं विभिन्न प्रकार के मिष्ठान का भोग लगाकर परिवार की खुशहाली और क्षेत्र में सुख-शांति की कामना की। गणेश उत्सव को लेकर बच्चों और युवाओं में भी खासा उत्साह दिखाई दिया। अनेक स्थानों पर आकर्षक गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं।

# 5 लाख के गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार, मलखान फरार



**जबलपुर।** मदनमहल पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने मॉडल रोड पर घेराबंदी कर उड़ीसा के एक अंतरराज्यीय तस्कर को रंगे हाथों दबोचा है। आरोपी के पास से 10 किलो 168 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 5 लाख 8 हजार 400 रुपये बताई जा रही है।

इस पूरी तस्करी के पीछे जबलपुर के ही एक शातिर अपराधी मलखान का हाथ सामने आया है, जिसकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। जिसकी गिरफ्तारी के बाद जबलपुर और उड़ीसा के बीच चल रहे इस बड़े नेटवर्क में कई अन्य चेहरों का खुलासा हो सकता है। मदनमहल थाना प्रभारी उमेश यादव ने बताया कि क्राइम ब्रांच को सूचना थी कि मॉडल रोड पर बस से उतरा एक अधेड़ शहर में नशे की बड़ी खेप सप्लाई करने की फिराक में है। सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच और मदनमहल थाने की टीमों ने घेराबंदी की और संदिग्ध को चारों तरफ से घेरकर हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में लिए गए रवि कुमार पिता बबन ओझा, 50 वर्ष निवासी उड़ीसा के झारसुगुड़ा बस स्टैंड के पास का तस्करी के इस अवैध धंधे को अंजाम दे रहा था।

जब एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत आरोपी के दोनों बैगों की सघन तलाशी ली गई, तो 10 पैकेटों में भरा 10 किलो 168 ग्राम कीमती गांजा मिला।

### तीन पत्ती बस स्टैंड पर होनी थी डिलीवरी

गिरफ्तारी के बाद जब पुलिस ने आरोपी रवि कुमार से पूछताछ की, तो उसने जबलपुर के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश किया। आरोपी ने बताया कि वह पाटन रोड के रहने वाले मलखान नाम के व्यक्ति के साथ ही उड़ीसा से बस में सवार होकर आया था। योजना के मुताबिक, दोनों को तीन पत्ती बस स्टैंड पर मिलना था।

लेकिन शातिर मलखान पुलिस चेकिंग के डर से बस स्टैंड आने से कुछ दूर पहले ही चुपके से बस से उतर गया और रवि कुमार को माल लेकर आगे भेज दिया। आरोपी रवि के मुताबिक, गांजे की इस पूरी खेप की डीलिंग और मुख्य नेटवर्क की पूरी जानकारी मलखान को ही है। मदनमहल पुलिस ने आरोपी रवि कुमार के कब्जे से 10 किलो 168 ग्राम अवैध गांजा, तस्करी में प्रयुक्त दोनों बैग और मोबाइल फोन को जब्त कर लिया है। मलखान की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

# धूमधाम से मनाया विश्व तेली दिवस



**नवभारत/ गोटेगांव।** साहू समाज उत्थान मंडल एवं समस्त साहू समाज गोटेगांव द्वारा विश्व तेली दिवस का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गणेश चतुर्थी के पावन दिवस पर भगवान श्री गणेश जी की विधिवत पूजन-अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहू समाज उत्थान मंडल के अध्यक्ष भगवान दास साहू ने की। इस अवसर पर समाज की आराध्य मां कर्मा देवी, दानवीर भामाशाह, माता राजिव सहित तेली समाज की विभिन्न महान विभूतियों को याद कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इसी तारतम्य में कई सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें साहू समाज के निर्माणाधीन मंदिर के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने, सामाजिक एकता, विकास और समरसता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश साहू समाज भोपाल द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। जिसमें ओमप्रकाश साहू को प्रांतीय संगठन सचिव, खेमचंद साहू एवं पवन साहू को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तथा पत्रकार आशीष साहू को मध्यप्रदेश मीडिया प्रवक्ता नियुक्त होने पर तिलक-रोरी लगाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गुलाब साहू बद्री प्रसाद साहू संजय साहू प्रदीप साहू घनश्याम साहू संगीत साहू शुभम साहू सुनील साहू शिव शंकर साहू सहित अन्य साहू समाज के बड़ी संख्या में वरिष्ठजन, युवा एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।